हरिभूमि
विंध्य भूमि
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

जबलपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026
login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

मैहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस का सघन भ्रमण, संदिग्धों को दी समझाइश



मैहर। शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार और नायब तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी ने पुलिस टीम के साथ नगर का भ्रमण किया। पुलिस ने अलाउद्दीन खां स्टेडियम,घंटाघर चौराहे,स्टेशन रोड,स्टेट बैंक चौराहा समेत अन्य स्थानों पर संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों को समझाइश देकर घर भेजा। सार्वजनिक जगह पर बैठकर शराबखोरी करने वाले लोगों को पकड़कर कड़ी फटकार लगाई गई। पुलिस ने अनावश्यक रूप से जमावड़ा न लगाने की हिदायत भी दी। इस दौरान कोतवाली उपनिरीक्षक संतोष ऊल्हाड़ी एवं थाने का पुलिस बल मौजूद रहा।

कागजी घोषणाओं में उलझा सतना हवाई अड्डे का विस्तार: 1200 मीटर के रनवे पर अटकी उम्मीदें, बड़े विमानों की लैंडिंग अब भी दूर

सतना। मध्य प्रदेश के सतना जिले में हवाई सेवा के विस्तार और विकास के दावे कागजों तक ही सिमट कर रह गए हैं। शहर के हवाई अड्डे का रनवे आज भी महज 1200 मीटर लंबा है। जबकि,पिछले लंबे समय से इसके विस्तार को लेकर बड़े पैमाने पर घोषणाएं की जा रही हैं,लेकिन धरातल पर काम पूरा न होने के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है। रनवे की यह सीमित लंबाई बड़े विमानों के संचालन में सबसे बड़ा अवरोध साबित हो रही है।



योजनाएं कागजों तक सीमित,अतिक्रमण बनी बड़ी बाधा

रिपोर्ट्स के मुताबिक,सतना हवाई अड्डे के रनवे को बढ़ाकर 1500 मीटर या उससे अधिक करने की योजना बनाई गई थी ताकि यहाँ बड़े विमानों की आवाजाही सुनिश्चित हो सके। हालांकि,जमीनी स्तर पर सुस्ती और हवाई पट्टी के आसपास फैले अतिक्रमण व अवैध निर्माण के कारण इसका दायरा और विस्तार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जब तक इन बाधाओं को दूर नहीं किया जाता,तब तक हवाई पट्टी का काया कल्प होना मुश्किल नजर आ रहा है।



सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव

दूसरी ओर,सतना हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था में भी बदलाव देखे गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर यहां भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी,लेकिन अब जिला पुलिस बल को वापस बुला लिया गया है। वर्तमान में सुरक्षा की कमान एसएएफ के जवानों के हाथों में है,जो यहां मुस्तैद रहकर निगरानी कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों और उद्योगपतियों का कहना है कि यदि सतना को आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आगे बढ़ाना है,तो हवाई अड्डे के रनवे का विस्तार जल्द पूरा करना बेहद जरूरी है,ताकि विंध्य क्षेत्र वायु मार्ग से बेहतर तरीके से जुड़ सके।

रेलवे कॉलोनी में दिनदहाड़े चली गोली, लेनदेन को लेकर युवक पर कट्टे से फायर; आरोपी फरार



सतना। शहर की जीआरपी थाना सीमा अंतर्गत रेलवे कॉलोनी स्थित हॉकी ग्राउंड के पास दिनदहाड़े गोलीबारी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पैसों के लेनदेन के पुराने विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे पर कट्टे से फायर कर दिया। इस हमले में गोली युवक के बाएं हाथ में लगी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया।



घर के बाहर बातचीत के दौरान मारी गोली

राजकीय रेलवे पुलिस के थाना प्रभारी राजेश राज के अनुसार,पीड़ित रूपचंद यादव अपने घर पर मौजूद था और परिवार के साथ कहीं बाहर जाने की तैयारी में था। उसी दौरान आरोपी सुनील कुमार वहाँ पहुँचा और उसने रूपचंद से कुछ बात करने के लिए कहा। दोनों के बीच बातचीत चल ही रही थी कि सुनील ने अचानक अपने पास छिपाकर रखा कट्टा निकाल लिया और रूपचंद पर तान दिया। रूपचंद ने तत्परता दिखाते हुए अपना बचाव करने के लिए कट्टे को अपने हाथ से पकड़ने का प्रयास किया,तभी आरोपी ने ट्रिगर दबा दिया। गोली सीधे रूपचंद के बाएं हाथ में जा लगी,जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के तुरंत बाद आरोपी सुनील कुमार मौके से फरार हो गया। पैसों के लेन-देन को लेकर चल रहा था विवाद घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहाँ उसका उपचार जारी है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सुनील कुमार का रूपचंद के छोटे भाई मदन गोपाल के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया।

आरोपी की तलाश में जीआरपी की दबिश

जीआरपी पुलिस ने घायल रूपचंद यादव के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजेश राज ने बताया कि मामले की गहनता से जाँच की जा रही है। आरोपी सुनील कुमार की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहाँ लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बसों में धड़ल्ले से जारी है अवैध व्यावसायिक माल ढुलाई, बढ़ रहा है बड़ा हादसा होने का खतरा

सतना। जिले में यात्री बसों के जरिए व्यावसायिक माल की अवैध ढुलाई का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। सतना से ग्वालियर, भोपाल, कानपुर, जबलपुर और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों के लिए भारी मात्रा में माल भेजा जाता है। वहीं,अन्य जगहों से भी व्यापारियों का सामान बसों की छतों,सीटों के नीचे और डिग्गी (डिक्की) में ठूंसकर सतना लाया जा रहा है। हाल यह है कि बसों की छतों पर क्षमता से कई गुना अधिक सामान लाद दिया जाता है,जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है और चाल तक बदल जाती है।



जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे यात्रियों का कहना है कि जरा सी चूक या अनियंत्रित रफ्तार किसी भीषण सड़क दुर्घटना को बुलावा दे सकती है। मालूम हो कि व्यावसायिक सामान ढोने के लिए परिवहन विभाग द्वारा मालवाहक वाहनों के नियम तय किए गए हैं,लेकिन यात्री बसों में हो रहे इस अवैध कारोबार पर जिम्मेदार विभागों की उदासीनता ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि नियमों की अनदेखी करने वाली ऐसी बसों पर सख्त कार्रवाई की जाए,ताकि किसी अनहोनी को समय रहते टाला जा सके।

सतना में गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान केंद्रीय जेल से 7 उम्र कैदियों की हुई रिहाई



सतना। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले भर में 'सेवा पखवाड़ा' और 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष पं.भगवती प्रसाद पांडेय,महापौर योगेश ताम्रकार सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वच्छता श्रमदान किया। इस दौरान सफाई मित्रों का सम्मान किया गया और 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खादी वस्त्रों की खरीदी की गई। इसी क्रम में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,विधायक नागेंद्र सिंह ने बरकोनिया मंदिर,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार ने जैतवारा और विधायक विक्रम सिंह ने रामपुर बघेलान में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। दूसरी ओर,गांधी जयंती के अवसर पर जेल मुख्यालय और राज्य शासन के परिहार का लाभ देते हुए केंद्रीय जेल सतना से आजीवन कारावास की सजा काट चुके 7 बंदियों को रिहा किया गया। इनमें पन्ना के 5 तथा छतरपुर व मैहर के 1-1 बंदी शामिल हैं। जेल अधीक्षक लीना कोष्टा ने रिहा हुए बंदियों को श्रीफल, श्रीमद्भगवद्गीता, पौधे, भोजन पैकेट और रिहाई प्रमाण पत्र देकर विदा किया। जेल में कार्य के दौरान अर्जित कुल 4,53,147 का पारिश्रमिक बंदियों के खातों में दर्ज कर पासबुक सौंपी गई,जो उनके भावी पुनर्वास में सहायक होगी।

वृहद स्वच्छता और सेवा अभियान



गांधी जयंती पर जिले की ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के 645 स्थानों पर स्वच्छता अभियान व विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सफाई मित्रों और नागरिकों ने बढ़कर हिस्सा लिया। प्रदेश में 2 से 10 अक्टूबर तक 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



गांधी जयंती पर मैहर में 'सेवा मेरा योगदान' अभियान, विधायक ने किया श्रमदान

मैहर। गांधी जयंती के अवसर पर मैहर में 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की प्रमुख सहभागिता रही। विधायक सहित जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों,नगर पालिका के कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।मैहर में आयोजित कार्यक्रम की पुष्टि स्थानीय रिपोर्ट में भी की गई है। अभियान के अंतर्गत मां शारदा मंदिर के समीप स्थित प्राचीन बावली,उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम तथा सिविल अस्पताल मैहर परिसर में साफ-सफाई की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के साथ नागरिकों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता कार्य में निरंतर योगदान देने वाले सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया। उन्हें शॉल,श्रीफल एवं नाश्ते के पैकेट प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस पहल का उद्देश्य सफाई कर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ नागरिकों को स्वच्छता कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा।

खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से 4 वर्षीय मासूम की मौत, खेलते-खेलते हुआ दर्दनाक हादसा

मैहर। मैहर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत परसौहा गांव में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 4 वर्षीय मासूम अंश चौधरी की मौत हो गई। घर के पास खुले पड़े सेप्टिक टैंक में गिरने से बच्चा पानी में डूब गया। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया।

खेलते-खेलते खुले टैंक के पास पहुंचा मासूम

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 5 बजे अंश अपने घर के आसपास खेल रहा था। इसी दौरान वह पास में बने खुले सेप्टिक टैंक के पास पहुंच गया और अचानक उसमें गिर गया। टैंक में पानी भरा होने के कारण मासूम उसमें डूब गया। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने बच्चे को बाहर निकाला और तत्काल सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे,लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



पुलिस ने दर्ज किया मर्ग

घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चुरी में रखवाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मर्ग कायम कर घटना के सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

खुले सेप्टिक टैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हादसे के बाद गांव में खुले पड़े सेप्टिक टैंक की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर मांग उठ रही है कि खुले सेप्टिक टैंकों और अन्य खतरनाक स्थानों को तत्काल सुरक्षित कराया जाए,ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

महात्मा गांधी की जयंती पर कांग्रेस सेवादल ने किया क्विज प्रतियोगित का आयोजन

मैहर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मैहर के स्थानीय सरना पैलेस में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कांग्रेस सेवा दल परिवार मैहर द्वारा प्रभारी गुरमीत सिंह मंगू कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश घई पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमापति गौतम रामनिवास उरमलिया नागेंद्र नाथ बडगइयां नागौद विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रश्मि सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव प्रसाद चौरसिया योगेंद्र प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थित एवं कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के आयोजन में किया गया। जिसमें बच्चों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।सेवादल के जिलाध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता में करीब 2500 से ज्यादा बच्चों की भागीदारी रही। परीक्षा ओएमआर शीट में आयोजित हुई जिसमें गांधी जी के जीवन पर आधारित 50 प्रश्न पूछे गए जिसका निर्धारित समय 1 घंटे रखा गया था आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को महात्मा गांधी के विचारों,सिद्धांतों और देश के इतिहास से रूबरू कराना है। परीक्षा की विशेषता रही है कि 1 घंटे में परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को टीवी साइकिल मोबाइल आदि 150 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया पुरस्कार किया गया प्रथम स्थान ऋतुराज साहू द्वितीय स्थान अनमोल कुशवाहा एवं तृतीय स्थान अर्पिता तिवारी ने अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन रामप्रकाश गुप्ता द्वारा एवं आभार सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे द्वारा व्यक्त किया गया।

स्वच्छता अभियान के साथ-साथ अतिक्रमण व अवैध शराब ठिकानों पर चला बुलडोजर

सतना/मैहर। 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जहां पूरे जिले में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया,वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अमले ने शहर को व्यवस्थित और अपराध मुक्त बनाने के लिए कड़ी कार्रवाई की। सतना के सिविल लाइन सब्जी मंडी क्षेत्र में प्रशासन द्वारा विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सब्जी मंडी के आसपास सड़क पर बाधा बन रहे अवैध कब्जों और दुकानों को हटाकर मार्ग को आवागमन के लिए सुगम बनाया गया। वहीं मैहर कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी के निर्देशन में प्रशासनिक टीम ने अवैध शराब बिक्री और असामाजिक तत्वों पर



शिकंजा कसा। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार,नगर पालिका सीएमओ प्रिंस अग्रवाल एवं अतिक्रमण प्रभारी बालेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस संयुक्त कार्रवाई के तहत नगर के पूर्व दरवाजा और मछली बाजार के आसपास लंबे समय से संचालित हो रहे अवैध शराब के ठिकानों पर बुलडोजर चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से शराब पिलाने व बेचने वाले टपरों और नुक्कड़ दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। मौके से भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त कर संबंधित आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई की गई। प्रशासन की इस दोहरी कार्रवाई एक तरफ स्वच्छता का संदेश और दूसरी तरफ अवैध गतिविधियों पर प्रहार-से आम जनता ने राहत की सांस ली है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि



शहर की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था में बाधा डालने वालों और अवैध कारोबारियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग रघुराजनगर (नगरीय), जिला- सतना (म. प्र.)

क्रमांक/2041/अनु.अधि./रघु./प्रवाचक-प्रथम/2026 सतना दिनांक: 01.10.2026

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त महोदय नगर पालिक निगम सतना द्वारा मौजा सतना तहसील रघुराजनगर की आराजी क्रमांक 336 रकबा 0.9750 हे. शापिंग काम्पलेक्स एण्ड पार्किंग मिक्स यूज हेतु भूमि आवंटित किये जाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है।

म.प्र. नजूल निवर्तन निर्देश 2020 की कंडिका 142 के अनुसरण में यह उद्घोषणा जारी की जाती है कि उपरोक्त आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था का कोई दावा आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह दिनांक 15.10.2026 तक अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर जिला सतना के न्यायालय के कक्ष क्रमांक जी -04 कलेक्ट्रेट कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावे आपत्तियाँ अथवा सुझाव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की जाती है।

अनुविभागीय अधिकारी
रघुराजनगर (नगरीय)
जिला सतना म.प्र.

खबर संक्षेप

चिता आंदोलन 21वें दिन भी जारी, 43 परिवारों के लिए 3.22 करोड़ की राशि स्वीकृत



पन्ना। मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित विस्थापित परिवारों के पूर्ण मुआवजा, उचित पुनर्वास और हक-अधिकारों की मांग को लेकर चल रहा चिता आंदोलन अमित भटनागर की गिरफ्तारी के बाद भी 21वें दिन जारी है। आंदोलन के बीच आज प्रशासन की ओर से मझगांय परियोजना से प्रभावित 43 परिवारों के लिए पुनर्वास अनुदान की अंतर राशि के भुगतान की अनुमति दी गई है। प्रति परिवार 7 लाख 50 हजार के मान से कुल 3 करोड़ 22 लाख 50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। आंदोलनकारियों ने इसे प्रभावित परिवारों की मांगों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, लेकिन उनका कहना है कि अभी सभी प्रभावित परिवारों को उनका पूरा अधिकार मिलना बाकी है। इधर, आंदोलनकारियों के अनुसार अमित भटनागर का जेल में भी आमरण अनशन आज पांचवें दिन जारी है।

आंदोलनकारियों का कहना है कि अमित भटनागर, दिव्या अहिरवार सहित आंदोलन से जुड़े जिन साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, उन्हें रिहा किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सभी पात्र प्रभावित परिवारों के नाम सूची में शामिल नहीं किए जाते, सभी को पूर्ण मुआवजा और पुनर्वास का लाभ नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारियों ने कहा कि 43 परिवारों के लिए राशि स्वीकृत होना महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन उनकी मांग केवल कुछ परिवारों तक सीमित नहीं है। उनका कहना है कि मझगांय डैम से प्रभावित हर पात्र परिवार को उसका पूरा मुआवजा, पुनर्वास और अधिकार मिलना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आंदोलनकारियों पर कार्रवाई करने के बजाय प्रभावित परिवारों की शेष समस्याओं का समाधान किया जाए और अमित भटनागर, दिव्या अहिरवार सहित गिरफ्तार सभी साथियों की रिहाई सुनिश्चित की जाए। आंदोलनकारियों का कहना है कि "जब तक सभी पात्र परिवारों को पूरा मुआवजा और पुनर्वास नहीं मिलता, तब तक चिता आंदोलन जारी रहेगा।

धर्म की स्थापना एवं अधर्म का नाश करने के लिये अवतरित होते हैं भगवान - डॉ. रजनीश शास्त्री

श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का हुआ भावपूर्ण वर्णन

भक्तिमय हुआ जेल परिसर

पवई। उपजेल पवई में जेल प्रशासन की विशेष पहल एवं मार्गदर्शन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा जेल परिसर भक्ति के रंग में रंग गया। बंदियों सहित जेल स्टाफ और उपस्थित श्रद्धालु कृष्ण जन्मोत्सव के आनंद में भावविभोर नजर आए। कथा व्यास डॉ. रजनीश शास्त्री ने भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए उनके अवतार लेने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का अवतार धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के साथ मानव जीवन को सत्य, प्रेम और सद्भाव का मार्ग दिखाने के लिए हुआ।



कृष्ण जन्म प्रसंग आते ही भक्तिमय हुआ माहौल

भागवत कथा में कृष्ण जन्म का प्रसंग शुरू होते ही वातावरण में उत्साह दिखाई दिया। बंदियों ने श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया और कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कथा के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को आध्यात्मिक, सकारात्मक और संस्कारमय वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। जेल प्रशासन का कहना है कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के माध्यम से बंदियों को आत्मचिंतन का अवसर मिलता है तथा उनमें सकारात्मक सोच, सद्भाव और समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की भावना को बढ़ावा मिलता है। यह रहे मुख्य श्रोता कथा में जनपद सीईओ अखिलेश उपाध्याय, रेंजर पंकज दुबे, कृष्णा पाण्डेय, शैलेन्द्र त्रिपाठी, विनय त्रिपाठी, डॉ. सुरेश सोनी, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. प्रशांत भदौरिया, प्रमोद नगायच, विजय तिवारी एवं पवन गुप्ता सहित जेल प्रशासन एवं स्टाफ की सहभागिता रही।

गांधी चौक पर हर्षोल्लास से मनाई गई गांधी जयंती



अमानगंज। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गांधी चौक अमानगंज में कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात गांधी चौक परिसर में साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष सारिका शारदा खटीक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले, पूर्व बुंदेलखंड प्राधिकरण अध्यक्ष जयप्रकाश चतुर्वेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण भी किया गया। उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

डिवाइडर सड़क की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

तहसील कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे युवा समाजसेवी

आरसीसी के ऊपर सीसी सड़क निर्माण का विरोध, तहसीलदार को ज्ञापन देने से किया इनकार; जिले के अधिकारियों को सौंपेंगे ज्ञापन

पवई। नगर की मुख्य सड़क पर पहले से बनी आरसीसी सड़क के ऊपर सीसी सड़क निर्माण के विरोध और डिवाइडरयुक्त सड़क बनवाने की मांग को लेकर युवाओं का आंदोलन अब अनिश्चितकालीन धरने में बदल गया है। शुक्रवार को युवा समाजसेवियों ने तहसील कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन देने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि वे अपनी मांगों का ज्ञापन जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपेंगे।युवाओं का



कहना है कि नगर की मुख्य सड़क पर पहले से आरसीसी सड़क बनी हुई है। इसके ऊपर दोबारा सीसी सड़क बनाने से सड़क की ऊंचाई बढ़ेगी, जिससे बारिश के दौरान जल निकासी की समस्या और आसपास के घरों व दुकानों में पानी भरने की स्थिति बन सकती है। उनका कहना है कि नगर की भविष्य की जरूरतों को देखते हुए सड़क को केवल ऊंचा करने के बजाय डिवाइडरयुक्त, चौड़ी और व्यवस्थित सड़क का निर्माण किया जाना चाहिए।

रैली निकालकर किया था विरोध, व्यापारियों ने बंद रखे प्रतिष्ठान-

इससे पहले युवाओं ने सड़क निर्माण के विरोध में नगर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया। आंदोलन के समर्थन में कई व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। प्रदर्शनकारियों ने सड़क की गुणवत्ता, ऊंचाई और यातायात व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुए प्रशासन से निर्माण कार्य पर पुनर्विचार करने की मांग की।

तहसीलदार को नहीं दिया ज्ञापन, जिले के अधिकारियों तक पहुंचाएंगे मांग-

धरने पर बैठे युवाओं ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ज्ञापन देने के बजाय अब वे अपनी मांगों को लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे। उनका कहना है कि जब तक सड़क निर्माण को लेकर उनकी मांग पर उचित निर्णय नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान करते हुए कहा कि नगर के हित से जुड़े इस मुद्दे पर वे पीछे नहीं हटेंगे। उनका कहना है कि सड़क निर्माण लंबे समय के लिए होता है, इसलिए वर्तमान जरूरतों के साथ भविष्य में बढ़ने वाले यातायात और जल निकासी को ध्यान में रखकर ही इसका निर्माण होना चाहिए।

बायपास के बाद भी मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव

प्रदर्शनकारियों के अनुसार भारी वाहनों के लिए बायपास उपलब्ध होने के बावजूद नगर के मुख्य मार्ग पर यात्री बसों, स्थानीय वाहनों और आम लोगों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में सड़क के साथ डिवाइडर और बेहतर यातायात व्यवस्था की जरूरत है। युवाओं का कहना है कि यदि अभी सड़क निर्माण के दौरान इसका समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में समस्या और बढ़ सकती है।अब युवाओं के अनिश्चितकालीन धरने और जिले के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के निर्णय के बाद सड़क निर्माण का यह मुद्दा जिला स्तर पर भी पहुंचने की संभावना है।

कांग्रेसियों ने पूज्य बापू महात्मा गांधी के चित्र पर किया माला अर्पण





पन्ना।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती के उपलक्ष में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय गांधी चौक पर पूज्य बापू महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा कहा कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जी द्वारा पूरी दुनिया को यह संदेश दिया था सभी लोग हिंसा छोड़कर एक साथ भाईचारा के साथ रहकर अपनी प्रगति को आगे बढ़ा सकते हैं इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान कहां की हम सभी को महात्मा गांधी जी के पद चिन्हों पर चलना होगा। तभी हम सभी का एवं हमारे देश का कल्याण होगा लोगों को अपने अंदर से नफरत भेदभाव को त्यागना होगा एकता की मिसाल कायम करने का प्रयास करना होगा यही बापूजी का मूल सिद्धांत है। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे पूर्व प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती रमा बुंदेला संगठन महामंत्री राज बहादुर पटेल कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम जड़िया मार्तंड देव बुंदेला योगेश जड़िया रियासत खान अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष जितेंद्र जाटव नगर अध्यक्ष स्वतंत्र अवस्थी मुन्ना खान आदि।

ससुराल में पट्टा लेकर खोदा गड्ढा, अचानक रातों-रात चमकी किस्मत, मिले चार हीरे

पन्ना की रत्नगर्भा धरती ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश निवासी दंपती की किस्मत चमका दी है. सरकोहा गांव की निजी भूमि पर खदान में छह महीने तक मेहनत करने के बाद गुड्डी देवी और उनके पति राजकुमार को एक साथ चार नग हीरे मिले हैं. हीरे मिलते ही दंपती की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और सीधे हीरा कार्यालय पहुंचकर चारों हीरे जमा करा दिए हैं. बताया जा रहा है कि इन्हें आने वाली नीलामी में रखा जाएगा

पन्ना।

जिले से एक बार फिर से हीरा निकलने की खबर सामने आई है, जहां उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के रहने वाले दंपती को चार बेशकीमती हीरे हैं. बताया जा रहा है कि गुड्डी देवी और उनके पति राजकुमार ने कुछ दिन पहले ही एक हीरा खदान को लिया था.



इसके अलावा 6 महीने से वह हीरे के लिए मेहनत कर रहे थे और उन्होंने खुदाई जा रखी थी. चारों हीरों का कुल वजन 5.16 कैरेट है। महिला के पति पति राजकुमार ने बताया कि उनकी ससुराल पन्ना के बड़गड़ी गांव में है. राजकुमार बताते हैं कि पन्ना में लोगों की किस्मत चमकाने वाले हीरे मिलने की बातें वह लंबे समय से सुनते थे. इसी उम्मीद से उन्होंने ससुराल आकर सरकोहा गांव की निजी भूमि पर हीरा खदान के लिए हीरा कार्यालय से पट्टा जारी करवाया और करीब छह महीने तक लगातार मेहनत की. आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और उन्हें एक साथ चार नग छोटे-बड़े हीरे मिल गए.

कितना है चारों हीरों का वजन?

इन चारों हीरों का कुल वजन 5.16 कैरेट है. इनमें 1.44 कैरेट, 1.62 कैरेट, 1.29 कैरेट और 0.81 कैरेट के हीरे शामिल हैं. दंपती ने खुशी के साथ चारों हीरे हीरा कार्यालय में जमा करा दिए हैं. अब इन्हें आगामी हीरा नीलामी में रखा जाएगा. राजकुमार ने कहा कि आगे भी अगर माता रानी कृपा करेंगी, तो हम अपना कारोबार करेंगे. अब जो भी पैसा मिलेगा. कुछ बच्चों को देंगे और आगे कारोबार में लगा देंगे. हीरे की चाहत में ही हम अपनी ससुराल में ही जम गए हैं. हम चाहते हैं कि और बड़ा हीरा मिले।

सफाईकर्मी से बीस हजार रूपये लेने की चर्चा जोरों पर

बीएमओ अजयगढ़ के ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की गई जांच की मांग

पन्ना।

जिले के अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किस तरह से मनमानी का आलम बीएमओ डॉ. शोभाराम शर्मा के द्वारा बेखौफ होकर जहां सफाईकर्मी के रूप में आउटसोर्स के माध्यम से मनमानी तर्ज पर उप स्वास्थ्य केन्द्र शानगुरैया में सफाईकर्मी के पद पर रनमत अहिरवार को रखा गया जिसमें रनमत अहिरवार ने सीधा आरोप लगाया 20 हजार रूपये रखते वक्त लिए गये वहीं सात माह का वेतन लंबित है वेतन भी नहीं दिया अब सफाईकर्मी के पद से भी हटा दिया। सात माह का वेतन देने के लिए 30 हजार रूपये की मांग की गई है। आखिरकार जिस तरह से ये हालात सामने है आखिरकार आउटसोर्स में जहां गरीब को सफाईकर्मी के पद में रखकर 20 हजार रूपये पहले ही लेना का दावा किया गया है स्वयं रनमत अहिरवार के द्वारा जो बीएमओ डॉ. शोभाराम शर्मा के ऊपर लेने का आरोप लगाया गया है। इतना ही नहीं गरीब को एक तरफ पहले तो 20 हजार लिए फिर सात माह का वेतन रोककर पद से हटा भी दिया गया। और 30 हजार रूपये की मांग सात माह की वेतन को दिये जाने की जा रही है। आखिरकार जब सेवायें ली गईं तो भी वेतन किस हक से रोका गया। जो अपने आप में बड़ा सवाल है। वहीं आउटसोर्स में जिस तरह से यह मामला रनमत नामक व्यक्ति ने मीडिया के सामने रखा है इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं इस तरह की तानाशाही जो की जा रही है इसके पीछे आखिरकार किसका संरक्षण वहीं संबंधित व्यक्ति ने 11



सितम्बर 2025 को 20 हजार रूपये देने का आरोप लगाया है वहीं रनमत ने अपनी आप बीती सुनाई। वेतन जो रोका गया है सात माह से वहीं पद से भी हटा दिया गया। जिसको लेकर कलेक्टर तक अपनी फरियाद सुना चुका है आखिर फिर किससे न्याय की उम्मीद की जाये। अपने आप में सबसे बड़ा सवाल गरीब रनमत का मामला सुर्खियों में आखिर सात माह का वेतन किस हक से रोका गया क्या इस मामले की जांच कराई जायेगी या फिर इसी तरह इस तरह के खेल व्यवसाय की तर्ज पर खेले जाते रहे है। जो रनमत के साथ हुआ सूत्रों की माने तो ऐसे कई मामले जो चर्चा का विषय बने हुए है आउटसोर्स कम्पनी व बीएमओ की मिलीभगत से यह तो एक बानगी बताई जा रही है देखना यह है कि जिम्मेदार इस मामले में संज्ञान लेते है कि नहीं या फिर मामला आगे रनमत का किस हालात तक पहुंचेगा यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा। संबंधित मामले की अगर समय रहते समस्या का निदान नहीं किया गया और न ही सात माह का वेतन दिया गया तो सायद अब यह मामला पुलिस कार्यवाही के लिए भी आगे राह तय करेगा। ताकि इस मामले की पड़ताल पुलिस के द्वारा करते हुए संबंधित गरीब रनमत को न्याय मिल सके। वहीं तानासाह बीएमओ के ऊपर वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान जाता है कि नहीं यह भी वक्त का इंतजार है। वहीं संबंधित रनमत अहिरवार को पद से प्रथक करने व कार्य में लापरवाही के संबंध में डॉ. शोभाराम शर्मा बीएमओ अजयगढ़ द्वारा 25 जुलाई 2026 को सिक्योरिटी सर्विस स्काई बुल के नाम से एलटीडी पीव्हीसी इंदौर के नाम से पत्र भी जारी किया गया पत्र क्रमांक 2026/23/10/2026 वहीं सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि इस कम्पनी को लेकर जो कार्य पंकज मिश्रा नाम व्यक्ति के द्वारा कॉन्टेक्टर के रूप में किया जाता है जब आपसे बात की गई तो आपने इस व्यक्ति को लेकर रखे जाने की पुष्टि ही नहीं की गई वहीं यह भी कहा कि सायद अपनी मनमर्जी से संबंधित बीएमओ के द्वारा रखा गया हो अगर संबंधित व्यक्ति को आउटसोर्स कम्पनी स्काईबुल सिक्योरिटी सर्विस में नहीं रखा गया था मल्टीस्कल्ड वर्कर के रूप में उप स्वास्थ्य केन्द्र सानगुरैया में रनमत अहिरवार को तो फिर निकालने को लेकर गंभीर लापरवाही एवं अनुषासनहीनता का पत्र स्काईबुल सिक्योरिटी सर्विस एलटीडी पीव्हीसी इंदौर के नाम जारी क्यों किया गया था बीएमओ के द्वारा जो अपने आप में इस बात की पुष्टि करता है कि संबंधित व्यक्ति को इस पद पर रखा गया था। तभी तो निकालने के लिए यह पत्र जारी किया गया।

अजयगढ़ में निर्माणाधीन सीएचसी के भवन में मिट्टी युक्त रेत का इस्तेमाल बाखूबी जारी है

तकनीकि रूप से जहां संबंधित ठेकेदार के उपयंत्री स्वयं ही बाखूबी इस मिट्टी युक्त रेत का स्तेमाल स्वीकार कर रहे थे। आखिर शासकीय बिल्डिंग में जो सच्चाई गुणवत्ता की कहानी सामने। वहीं संबंधित कार्य एजेन्सी के कॉन्टेक्टर से बात की गई तो अब रेत सप्लाई करने वाले को जिम्मेदार बयां किया जा रहा था। कभी विभागीय अधिकारी क्या इस बिल्डिंग की मॉनीटरिंग निर्माण को लेकर स्वीकार करने की चेस्टा करेंगें आखिरकार मिट्टी युक्त रेत का उपयोग क्यों वहीं निर्माणाधीन भवन में बोर्ड क्यों नहीं लगाया गया। कब स्वीकृत हुई कौन सी कार्य एजेन्सी किस विभाग का भवन कब पूर्ण होना है कितनी लागत है सब पर छिपाव क्यों कलेक्टर के आदेष के बाद भी जमीनी पडताल में साईन बोर्ड लगाना उचित नहीं समझा जा रहा।

पन्ना।

जिले में निर्माण कार्यों को लेकर स्पष्टतौर पर कलेक्टर पन्ना के द्वारा निर्देषित किया गया था। साईन वोर्ड लगाने को लेकर लेकिन जब इसकी जमीनी पड़ताल की गई तो जहां भी निर्माण कार्य संबंधित विभागों के द्वारा या संबंधित कार्य एजेन्सी के द्वारा कराये जा रहे है इनमें निर्माण कार्य स्थल पर साईन बोर्ड नहीं लगे





मिलते। आखिर इससे साफ जाहिर होता है कि कलेक्टर के आदेषों को तरजीह क्यों हीं दी गई। जो अपने आप में सवाल है। उदाहरण को लेकर जिले के अजयगढ़ तहसील में सीएचसी के नवीन भवन का निर्माण जो अजयगढ़ से बीरा मार्ग में किया जा रहा है। इस भवन में कहीं भी साईन बोर्ड नहीं लगाया गया। आखिरकार किसकी बिल्डिंग कौन कार्य एजेन्सी कब पूर्ण होना है कितनी राषि की है। ये समस्त सवाल अपने आप में गायब है वहीं गौरतलब बात तो यह है कि निर्माणाधीन भवन में मिट्टी युक्त रेत का बाखूबी धड़ल्ले से स्तेमाल किया जा रहा है। निर्माण वहीं निर्माणाधीन भवन की मॉनीटरिंग जो तकनीकि अधिकारी उपयंत्री संबंधित कॉन्टेक्टर के द्वारा साईड पर रखा गया था जिनका नाम परम बताया गया। जिनने स्वयं इस मिट्टी युक्त रेत का जिसका उपयोग हो रहा था स्वीकारा पर मॉनीटरिंग करने वाले विभागीय अधिकारी कब जानेगें। कौन जिम्मेदार है इस दास्ता को लेकर जो जीता जागता अस्पताल के भवन के निर्माण भ्रष्टाचार की इबारत लिख रहा है।

गांधी जयंती पर दक्षिण पन्ना वनमंडल में स्वच्छता, पौधारोपण एवं वन संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पन्ना।

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में सेवा संकल्प अभियान एवं 'स्वच्छता ही सेवा 2026' के अंतर्गत स्वच्छता, पौधारोपण तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में वनकर्मियों के साथ ग्राम पंचायतों, वन समितियों, शिक्षण संस्थानों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरमपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें वनरक्षक अरविंद विश्वकर्मा की सक्रिय भूमिका रही। इसी क्रम में मोहन्द्रा स्थित आईटीआई केंद्र में संस्था के प्राचार्य, छात्र-छात्राओं, वनपाल परमानंद चौरसिया एवं जयप्रकाश नारायण दुबे की सहभागिता से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शाहनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत खेरे-पठेरे हनुमान मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक एवं अन्य कचरा एकत्र किया गया तथा फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर ग्राम वन समिति महेवा





के अध्यक्ष भूरा बंजारा, सदस्य मंगल सिंह यादव, केशव प्रसाद दहायत, कमलेश प्रजापति, महेश पटेल, रिंकू विश्वकर्मा एवं वनपाल प्रेमनारायण वर्मा उपस्थित रहे। इसी परिक्षेत्र की ग्राम पंचायत ढेसाई में आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा तथा वनभूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर सरपंच दान सिंह, सचिव राजपाल सिंह बुन्देला, परिक्षेत्र सहायक टिकरिया श्रीनिवास पांडे, वनरक्षक हर्ष ब्रिजपुरिया, सुरक्षा श्रमिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कल्दा वन परिक्षेत्र की महगवां बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत में सेवा संकल्प एवं स्वच्छता अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन्यजीवों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं वन संरक्षण के संबंध में चर्चा कर जनसहभागिता को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सरपंच रामस्वरूप, सचिव नरेश सिंह, वनरक्षक संदीप बघेल एवं वन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। दक्षिण पन्ना वनमंडल द्वारा इन गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

खबर संक्षेप

कांग्रेस ने मनाई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, गांधी आश्रम में प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



छतरपुर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कार्यालय में दोनों महान नेताओं के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गगन यादव ने कहा कि गांधी आश्रम एक अत्यंत पवित्र स्थान है, जहाँ आकर असीम ऊर्जा और प्रेरणा की अनुभूति होती है। उन्होंने देश के वर्तमान हालातों का जिक्र करते हुए कहा कि आज हम सभी को बापू के दर्शाए सत्य, अहिंसा और न्याय के मार्ग पर चलने की सख्त जरूरत है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं ने देशवासियों को गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता, पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय लवकुश नगर में धूमधाम से मने गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती

लवकुशनगर। 2 अक्टूबर के दिन शासकीय महाविद्यालय लवकुश नगर में गांधी जयंती एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, धूमधाम एवं हर्ष उल्लास से मनाई गई। प्राचार्य डॉ. एच. सी. अहिरवार ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किये साथ ही लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए साथ ही गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ ने भाग लिया इस दौरान महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी डॉक्टर बलराम चौरसिया डॉक्टर अजय कुमार श्रीवास्तव डॉक्टर अभय कुमार, भूपेंद्र मिश्रा, तथा समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा

गांधी आश्रम में मनाई गई महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, पदयात्रा में गूंजे गांधीवादी विचार



बच्चों ने दी गांधी जी के जीवन और विचारों पर आधारित प्रस्तुतियां, गांधी आश्रम से निकली पदयात्रा

छतरपुर। गांधी आश्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांधी आश्रम में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इसके बाद महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान गांधी आश्रम से एक पदयात्रा भी निकाली गई। पदयात्रा छत्रसाल चौराहा होते हुए वापस गांधी आश्रम पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। पदयात्रा में गांधीवादी विचारधारा से जुड़े लोगों सहित शहर के नागरिकों ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात गांधी आश्रम परिसर में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बच्चों ने महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

सास को पीटकर गया था जेल, बाहर आते ही पत्नी का कत्ल!

पुश्तैनी जमीन का विवाद बना हत्या की वजह

अमलतास कॉलोनी में डेढ़ माह में दूसरी नृशंस हत्या, पति और साथी यूपी से गिरफ्तार, 2 मासूम बेसहारा

छतरपुर।

शहर की अमलतास कॉलोनी में शुक्रवार को दिनदहाड़े 26 वर्षीय ज्योति चौरसिया की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मृतका के पति लखन जोशी और उसके साथी को करीब पांच घंटे में उत्तर प्रदेश के ग्राम ननौरा से गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी के अनुसार, महाराजपुर निवासी ज्योति ने करीब आठ साल पहले लखन जोशी से प्रेम विवाह किया था। दोनों के बीच पुश्तैनी कृषि भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि कुछ महीने पहले लखन ने अपनी सास के साथ मारपीट की थी, जिसके मामले में उसे जेल भेजा गया था। वह दो दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। शुक्रवार सुबह ज्योति बाजार गई थी। लौटते समय घर के पास बाइक सवार दो लोगों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल ज्योति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय उसके दोनों बच्चे घर में सो रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों का पता लगाया और उन्हें उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में जमीन का विवाद हत्या की वजह माना जा रहा है। पुलिस वारदात में इस्तेमाल हथियार, बाइक और अन्य संभावित साक्ष्यों की जांच कर रही है।

2 मासूमों पर टूटा दुखों का पहाड़

इस वारदात ने 2 छोटे बच्चों की जिंदगी को मुश्किलों में डाल दिया है। मां की हत्या हो गई और पिता हत्या के मामले में गिरफ्तार है। दोनों मासूमों के सामने अब परवरिश और भविष्य का संकट खड़ा हो गया है। अमलतास कॉलोनी में डेढ़ माह के भीतर दूसरी हत्या से क्षेत्र के लोगों में भी चिंता का माहौल है।

शराब के नशे में वृद्ध पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, मुंह और पैर पर किए वार; हालत गंभीर



छतरपुर। जिले क़े जुझारनगर थाना क्षेत्र के ग्राम खेरा कसार में बीती रात शराब के नशे में एक व्यक्ति द्वारा 70 वर्षीय वृद्ध पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में वृद्ध के मुंह और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

घायल को पहले लवकुशनगर अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, जुक्खे अहिरवार (70) पिता स्व. बालदू अहिरवार रात करीब 11 बजे खेत पर लेटे हुए थे। इसी दौरान गांव का ही रामेश्वर लोधी कथित तौर पर शराब के नशे में वहां पहुंचा और वृद्ध के साथ मारपीट करने लगा। आरोप है कि इसी दौरान उसने कुल्हाड़ी से जुक्खे अहिरवार के मुंह और पैर पर वार कर दिए। रात करीब 12 बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई और घायल को उपचार के लिए लवकुशनगर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है परिजनों के मुताबिक वृद्ध की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना को लेकर पुलिस को सूचना दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

खेत में रखवाली कर रहे वृद्ध पर धारदार हथियार से हमला, पैर एवं चेहरे पर कुल्हाड़ी से वार का आरोप

लवकुशनगर। अनुविभाग अंतर्गत जुझारनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कसार में देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब अपने खेत की रखवाली कर रहे एक बुजुर्ग पर अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस बर्बर हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कसार के रहने वाले बुजुर्ग जुक्खे अहिरवार रोज की तरह अपने खेत में फसलों की रखवाली करने के लिए गए थे। देर रात जब वह खेत पर बने डेरे (झोपड़ी) में थे, तभी अचानक अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया। सुनसान इलाके और रात के अंधेरे का फायदा उठाकर हमलावरों ने बुजुर्ग को संभलने तक का मौका नहीं दिया।



कुल्हाड़ी और धारदार हथियारों से बर्बरता -

परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप, बदमाशों ने सबसे पहले बुजुर्ग के पैरों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार किए, ताकि वह अपनी जान बचाकर भाग न सकें और न ही किसी को मदद के लिए पुकार सकें। चेहरे पर कुल्हाड़ी से वारः इसके बाद हमलावरों ने क्रूरता की हदें पार करते हुए बुजुर्ग के चेहरे पर कुल्हाड़ी से कई सीधे वार किए। कुल्हाड़ी के हमले से बुजुर्ग का चेहरा और सिर बुरी तरह कट गया और वह लहूलुहान होकर अचेत अवस्था में वहीं गिर गए।

बुजुर्ग की चीख-पुकार और हलचल महसूस होने पर आस-पास के खेतों में मौजूद लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। जुक्खे अहिरवार को खून से लथपथ तड़पता देख तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची जुझारनगर थाना पुलिस की मदद से घायल वृद्ध को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवकुश नगर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि अत्यधिक खून बह जाने और चेहरे व पैर पर गहरे जख्म होने के कारण बुजुर्ग को जिला अस्पताल छतरपुर के लिए रेफर कर दिया,

पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी, पुरानी रंजिश या कुछ और? -

मामले की गंभीरता को देखते हुए जुझारनगर थाना प्रभारी सुमित सुमन ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया है।पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।,घटनास्थल के आस-पास के रास्तों और संदिग्धों की शिनाख्त की जा रही है। कुछ अहम सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जाएगा। पुलिस फिलहाल इस बात की भी जांच कर रही है कि इस जानलेवा हमले के पीछे कोई पुरानी आपसी रंजिश थी, जमीनी विवाद था या फिर यह चोरी-लूट के इरादे से अंजाम दी गई।

गांधी जयंती पर नगर परिषद ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान, नगरवासियों को दिया स्वच्छता का संदेश

रेलवे स्टेशन से सब्जी मंडी तक निकाली गई जागरूकता रैली, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लिया स्वच्छ हरपालपुर का संकल्प

स्वच्छता जागरूकता रैली निकालते नपा के कर्मचारी



हरपालपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर परिषद हरपालपुर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ नगर के निर्माण का संदेश दिया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान की शुरुआत हरपालपुर रेलवे स्टेशन से हुई। यहां से जागरूकता रैली हरिहर रोड होते हुए सब्जी मंडी पहुंची और इसके बाद नगर परिषद कार्यालय में संपन्न हुई। रैली के दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नगरवासियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने और नगर को स्वच्छ रखने की अपील की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, श्रीमती कीर्ति सोन्टू अग्रवाल, सुनीता ठाकुरदास अनुरागी सहित समस्त पार्षदगण, नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अभियान के दौरान वक्ताओं ने स्वच्छता को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए कहा कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिवस या अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे प्रत्येक नागरिक को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। घर, गली, मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही स्वच्छ एवं सुंदर नगर की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर नगर परिषद द्वारा नगरवासियों से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने तथा हरपालपुर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने में सहयोग देने की अपील की गई। साथ ही स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने और स्वच्छता के संदेश को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। स्वच्छ हरपालपुर, स्वस्थ हरपालपुर के संदेश के साथ आयोजित इस अभियान में नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया।

30 वर्षों से स्टेडियम की मांग, खिलाड़ियों ने खुद संभाली मैदान की सफाई

महाराजपुर। नगर के पंडित जवाहरलाल नेहरू खेल ग्राउंड को स्टेडियम के रूप में विकसित करने की मांग करीब 30 वर्षों से की जा रही है। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों का कहना है कि मुख्य मार्ग पर स्थित यह मैदान शहर के लिए महत्वपूर्ण खेल स्थल बन सकता है, लेकिन अब तक इसके विकास और संरक्षण को लेकर अपेक्षित पहल नहीं हुई है। मैदान के समीप गल्स हॉस्टल और अर्धनारेश्वर शिव मंदिर भी स्थित है।

2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर खिलाड़ियों ने स्वयं मैदान की सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। खिलाड़ियों ने कहा कि मैदान को सुरक्षित रखने और व्यवस्थित विकसित करने की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ समाज की भी है। इस दौरान मैदान में नियमित खेल गतिविधियां संचालित कराने की जरूरत भी सामने रखी गई। खिलाड़ियों के अनुसार, कभी नगर पालिका द्वारा इसी मैदान पर अंतरराज्यीय लेदर क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कराया जाता था। वर्ष 2012 के आसपास से इस तरह की प्रतियोगिताएं बंद हैं। एक समय दिल्ली, भोपाल, इंदौर, राठ, मौदहा, झांसी, सिंगरौली, ग्वालियर और सागर सहित विभिन्न शहरों की टीमें यहां खेलने आती थीं। टूर्नामेंट बंद होने से मैदान की खेल गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं।



खिलाड़ियों ने नगर पालिका प्रशासन से अंतरराज्यीय लेदर क्रिकेट टूर्नामेंट दोबारा शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और महाराजपुर में बड़े स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन संभव होगा। खेल प्रेमियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मैदान को सुरक्षित कर क्रिकेट, बास्केटबॉल, योग, व्यायाम और वर्कआउट जैसी गतिविधियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की है। उनका कहना है कि व्यवस्थित खेल परिसर तैयार होने से वर्तमान के साथ आने वाली युवा पीढ़ी को भी अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा।

प्रसव के दो दिन बाद प्रसूता की मौत बिना बताए अस्पताल से ले गए थे परिजन



छतरपुर। जिला अस्पताल में 29 सितंबर को बच्ची को जन्म देने वाली 26 वर्षीय प्रसूता सेवा प्रजापति की गुरुवार को मौत हो गई। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों की हालत सामान्य बताई गई थी और प्रसूता को पीएनसी वार्ड में भर्ती किया गया था। गुरुवार सुबह उसका पति बिना डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को बताए उसे अस्पताल से बाहर ले गया। बाद में तबीयत बिगड़ने पर वह उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार आजाद चौक निवासी बबलू प्रजापति अपनी पत्नी सेवा को 29 सितंबर की सुबह प्रसव पीड़ा होने पर ई-रिक्शा से जिला अस्पताल लेकर पहुंचा था। सुबह 7.41 बजे सेवा ने बच्ची को जन्म दिया। लेबर रूम में करीब दो घंटे निगरानी के बाद जच्चा-बच्चा दोनों की स्थिति सामान्य मिलने पर प्रसूता को पीएनसी वार्ड में शिफ्ट किया गया था।

पति बबलू के मुताबिक वह पत्नी को निजी अस्पताल में भी दिखाना चाहता था, इसलिए गुरुवार सुबह करीब 8 बजे बिना अस्पताल स्टाफ को बताए उसे लेकर बाहर निकल गया। निजी अस्पताल बंद मिलने के बाद वह पत्नी को कमरे पर ले गया। करीब दो-तीन घंटे बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। बबलू उसे वापस जिला अस्पताल लेकर आ रहा था, लेकिन आजाद चौक के पास उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बबलू ने बताया कि यह उसका और सेवा का पांचवां प्रसव था। पहले तीन बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब डेढ़ साल की एक बच्ची घर पर है। दो दिन पहले जन्मी नवजात बच्ची फिलहाल परिजनों के पास है। पति और परिजनों ने बिना डॉक्टरों की जानकारी के प्रसूता को अस्पताल से बाहर ले जाने को अपनी गलती बताया है।

25 नवंबर को बिजली विभाग का घेराव भ्रष्टाचार के खिलाफ खोला मोर्चा



जिला स्तरीय बैठक में आगामी नगर पालिका, पंचायत और छात्र संघ चुनाव पूरी ताकत से लडने का फैसला

छतरपुर। शिवसेना प्रदेश प्रमुख सुनील शर्मा के निर्देशानुसार छतरपुर के मिड सिटी होटल में शिवसेना की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर संगठन ने आंदोलन का ऐलान किया। शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने घोषणा की कि 25 नवंबर को शिवसेना जिला इकाई बिजली विभाग का घेराव करेगी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन जनता की समस्याओं और उनके अधिकारों को लेकर किया जाएगा।

बिजली विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी ने बिजली विभाग में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि शिवसेना किसी नेता या सरकारी तंत्र के विरोध में नहीं है, बल्कि छतरपुर के विकास और जनता के हित में आवाज उठा रही है।

मुन्ना तिवारी ने आरोप लगाया कि पूर्व में मेंटेनेंस के नाम पर बड़े स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने 300 बिजली खंभों से जुड़े कथित घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि पुराने खंभों पर पेंट कर उन्हें नया दिखाने और नए खंभों को कथित तौर पर ब्लैक में बेचने जैसी अनियमितताएं हुई हैं। उन्होंने बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को कथित रूप से मनमाने और फर्जी नोटिस दिए जाने का भी आरोप लगाया।

अतिथि शिक्षकों ने निकाली रैली, लंबित मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



छतरपुर।

शहर में अतिथि शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में अतिथि शिक्षकों द्वारा रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पिछले 18 वर्षों से शासकीय विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षकों ने ज्ञापन में बताया कि लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद उनका भविष्य आज भी असुरक्षित बना हुआ है। उन्होंने सरकार से हरियाणा मॉडल की तर्ज पर 12 माह का सेवाकाल एवं 62 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने तथा बाहर हुए अनुभवी अतिथि शिक्षकों को पुनः अवसर देने की मांग की है। जिलाध्यक्ष रामअवतार कुशवाहा ने बताया कि शिक्षा मंत्री द्वारा घोषित 13 आकस्मिक अवकाश के आदेश शीघ्र जारी करने, दोगुने मानदेय और हर महीने की 5 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामअवतार कुशवाहा ने कहा कि सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद दो माह से अधिक समय बीत जाने पर भी कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 दिवस के भीतर मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश भर के अतिथि शिक्षक भोपाल की धरती पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

खबर संक्षेप

यूजीसी के विरोध में सवर्ण नेताओं की अर्थी निकालकर किया अंतिम संस्कार, 13वें दिन हुआ ब्राह्मण भोज



रीवा। यूजीसी के एक प्रस्तावित कानून के विरोध में रीवा में आंदोलनकारियों ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। सवर्ण समाज से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों की कथित चुप्पी के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक रूप से उनकी अर्थी निकाली और अंतिम संस्कार की रस्में निभाईं। अब इसी क्रम में शुक्रवार को आंदोलन के 13वें दिन कोठी कंपाउंड में शंकर मंदिर परिसर में तेरहवीं का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्राह्मण भोज भी कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिस कानून को वे अपने हितों के खिलाफ मान रहे हैं, उसके विरोध में सवर्ण समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और नेताओं से मुखर होकर आवाज उठाने की अपेक्षा थी। उनका आरोप है कि समाज के मुद्दे पर इन नेताओं की ओर से अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण उन्होंने प्रतीकात्मक विरोध के रूप में नेताओं को 'मृत' मानकर उनके अंतिम संस्कार और तेरहवीं की रस्में पूरी कीं। आंदोलन की शुरुआत करीब 12 दिन पहले रीवा के विवेकानंद पार्क से हुई थी। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी के प्रस्तावित प्रावधानों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया था। इसी दौरान सवर्ण समाज से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों के रवैये पर भी नाराजगी जताई गई। आंदोलनकारियों ने इसके बाद प्रतीकात्मक अर्थी तैयार की। मंत्रोच्चार के बीच अर्थी की शवयात्रा निकाली गई और उसे छोटी पुल के नीचे ले जाया गया। यहां हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के बाद प्रतीकात्मक रूप से अस्थियां एकत्र की गईं और उन्हें प्रयागराज ले जाकर विसर्जित किया गया। आंदोलनकारियों के मुताबिक इसके जरिए उन्होंने यह संदेश देने का प्रयास किया कि समाज के मुद्दों पर आवाज नहीं उठाने वाले नेताओं को वे अपना प्रतिनिधि नहीं मानते। इसी विरोध की अगली कड़ी में शुक्रवार को रीवा के प्रसिद्ध शंकर मंदिर में तेरहवीं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां नेताओं की प्रतीकात्मक 'तेरहवीं' की रस्म पूरी की गई और ब्राह्मण भोज कराया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ब्राम्हण सामाज के प्रदेश सचिव सतीश चौबे, जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी, प्राशू तिवारी, अनुराग मिश्रा, रोहित मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

अमृत-2.0 से 37 एमएलडी बढ़ेगी क्षमता, 71 हजार घरों तक पहुंचेगा नल का पानी

रीवा की बुनियादी सुविधाओं को भविष्य अनुरूप किया जाएगा सुदृढ़: उप मुख्यमंत्री

20 वर्षों में रीवा की पेयजल व्यवस्था का विस्तार, अब वर्ष 2055 की जरूरतों के अनुरूप तैयारी

रीवा। शहर के बढ़ते विस्तार और आबादी की जरूरतों को देखते हुए अब रीवा की पेयजल व्यवस्था को मौजूदा जरूरतों तक सीमित नहीं रखा जाएगा। वर्ष 2040 और 2055 की संभावित आबादी को ध्यान में रखकर शहर की जलापूर्ति का नया ढांचा तैयार किया जा रहा है। अमृत-2.0 के तहत चल रहे कार्य पूरे होने के बाद रीवा की जलापूर्ति क्षमता 58 एमएलडी से बढ़कर 95 एमएलडी हो जाएगी। वहीं वितरण पाइपलाइन का नेटवर्क 120 किलोमीटर से बढ़कर 945 किलोमीटर तक पहुंचाने की योजना है।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शहरों के विस्तार के साथ बुनियादी सुविधाओं का विकास भी भविष्य की जरूरतों के अनुरूप होना चाहिए। इसी सोच के साथ रीवा में पेयजल व्यवस्था के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की गई है। वर्ष 2006 में जब शहर की पेयजल योजना तैयार हुई थी, तब 2.30 लाख आबादी को आधार बनाया गया था। अब इसे 5.37 लाख आबादी की जरूरत के अनुरूप विस्तारित किया जा रहा है।

20 साल में 298.06 करोड़ खर्च

रीवा की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले दो दशकों में अलग-अलग योजनाओं के तहत 298.06 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसमें नगरीय आधारभूत सेवा एवं विकास योजना के 14.27 करोड़, मुख्यमंत्री पेयजल योजना के 54.83 करोड़, अमृत-1.0 के 36.43 करोड़ और अमृत-2.0 के 192.53 करोड़ रुपए शामिल हैं।

27.50 से बढ़कर 125 एमएलडी हुआ जलग्रहण केंद्र

वर्ष 2006 में शहर की जलापूर्ति के लिए जलग्रहण केंद्र की क्षमता महज 27.50 एमएलडी थी। इसमें बीहर नदी से 14 एमएलडी और बिछिया नदी से 13.50 एमएलडी पानी लिया जाता था। अब अमृत-2.0 के तहत बीहर नदी पर 125 एमएलडी क्षमता का नया जलग्रहण केंद्र तैयार किया गया है। वर्ष 2040 की जरूरत के हिसाब से इसमें पंप लगाए गए हैं और परीक्षण भी पूरा हो चुका है। भविष्य में वर्ष 2055 तक इसकी क्षमता 145 एमएलडी तक ले जाने की योजना है।

800 एमएम की पाइपलाइन और 37 एमएलडी का नया संयंत्र तैयार

अमृत-2.0 के तहत 800 मिलीमीटर व्यास की कच्चे पानी की पाइपलाइन का काम पूरा हो चुका



है। इसके साथ ही 37 एमएलडी क्षमता का नया जलशोधन संयंत्र भी तैयार कर उसका परीक्षण पूरा कर लिया गया है। शहर में पानी पहुंचाने के लिए प्रस्तावित 12 टंकियों में से 7 नई टंकियां तैयार हो चुकी हैं। इनका परीक्षण भी पूरा किया जा चुका है। टंकियों तक पानी पहुंचाने वाली करीब 35 किलोमीटर मुख्य पाइपलाइन बिछ चुकी है, जबकि करीब 200 किलोमीटर वितरण पाइपलाइन का काम भी पूरा हो गया है।

अक्टूबर से 12 से 16 वार्डों में दिखेगा असर

अमृत-2.0 के कार्यों का आंशिक लाभ अक्टूबर से शहरवासियों को मिलना शुरू होने की उम्मीद है। अक्टूबर के अंत तक करीब 12 से 16 वार्डों में पेयजल समस्या में बड़ा सुधार दिखाई देने की बात कही गई है। पूरी योजना को मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

58 एमएलडी से बढ़कर 95 एमएलडी होगी सप्लाई

वर्तमान में रीवा शहर को रोजाना करीब 58 एमएलडी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। अमृत-2.0 के पूरे होने के बाद इसमें 37 एमएलडी की अतिरिक्त क्षमता जुड़ जाएगी। इसके बाद कुल जलापूर्ति क्षमता 95 एमएलडी हो जाएगी। इससे आने वाली गर्मियों में शहर की पेयजल जरूरत पूरी करने में मदद मिलेगी।

बिछिया के बजाय बीहर से मिलेगा पानी

रीवा की लंबे समय से चली आ रही बिछिया नदी आधारित पेयजल व्यवस्था में भी बदलाव किया जा रहा है। रानी तालाब स्थित पुराने जलशोधन संयंत्र की मूल क्षमता 13 एमएलडी थी, जो पुराना होने के कारण घटकर करीब 8 एमएलडी रह गई थी। वर्ष 2016-17 में इसके जीर्णोद्धार और नवीनीकरण से व्यवस्था को तत्काल राहत मिली थी। अब दीर्घकालिक व्यवस्था के तहत बाणसागर बांध का पानी नहर के जरिए बीहर नदी में लाया गया है। अमृत-2.0 के तहत बिछिया नदी पर आधारित 13 एमएलडी जलग्रहण केंद्र को समाप्त कर बीहर नदी के नए 125 एमएलडी जलग्रहण केंद्र से रानी तालाब की योजना को भी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

120 से 945 किमी तक फैलेगा पाइपलाइन नेटवर्क

पेयजल व्यवस्था के विस्तार का सबसे बड़ा असर शहर के वितरण नेटवर्क पर दिखाई देगा। वर्ष 2006 में रीवा में महज 120 किलोमीटर वितरण पाइपलाइन थी। अब इसे बढ़ाकर 945 किलोमीटर किए जाने की योजना है। इसी तरह घरेलू नल कनेक्शनों की संख्या भी 12 हजार से बढ़ाकर 71 हजार करने का लक्ष्य रखा गया है।

30 साल पुरानी पाइपलाइन भी बदलेगी

पानी की उपलब्धता बढ़ाने के बाद अब अगली चुनौती उसकी गुणवत्ता सुधारने की है। शहर में 30 वर्ष से अधिक पुरानी और खराब पाइपलाइनों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। पुरानी लाइनों के कारण गंदे या दूषित पानी की शिकायतें सामने आती रही हैं। पाइपलाइन बदलने से जलापूर्ति की गुणवत्ता बेहतर करने और दूषित पानी की समस्या कम करने में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा की पेयजल व्यवस्था को केवल आज की जरूरतों के लिए नहीं, बल्कि आने वाले दशकों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। आबादी बढ़ने के साथ पानी की मांग भी बढ़ेगी, इसलिए अभी से जलस्रोत, जलशोधन, भंडारण और वितरण नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है।



गांधी जयंती के अवसर पर गांधी स्मारक चिकित्सालय में चला स्वच्छता अभियान



रीवा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गांधी स्मारक चिकित्सालय, रीवा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर अधिष्ठाता, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा एवं संयुक्त संचालक सह अधीक्षक, गांधी स्मारक चिकित्सालय द्वारा चिकित्सालय परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गांधी जयंती के अवसर पर चिकित्सालय के स्वास्थ्य आउटसोर्स कर्मियों द्वारा सम्पूर्ण चिकित्सालय परिसर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत चिकित्सालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता संबंधी कार्य किए गए। इस अवसर पर अधिष्ठाता एवं संयुक्त संचालक सह अधीक्षक द्वारा स्वच्छता कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें स्वच्छता अभियान के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, उनके उत्साहवर्धन हेतु फल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से चिकित्सालय परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का दो दिवसीय रीवा संभाग प्रवास 4 एवं 5 अक्टूबर को

मैहर से मऊगंज तक संगठनात्मक बैठकों और सेवा संकल्प अभियान में होंगे शामिल

रीवा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल 4 एवं 5 अक्टूबर को रीवा संभाग के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के प्रवास को लेकर भाजपा संगठन में उत्साह का माहौल है। अपने प्रवास के दौरान खण्डेलवाल मैहर, सतना, रीवा एवं मऊगंज में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों, सेवा संकल्प अभियान, वृक्षारोपण तथा सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता करेंगे।भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश सदस्य एवं रीवा-शहडोल संभाग प्रभारी योगेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल 4 अक्टूबर को सुबह रेवांचल एक्सप्रेस से मैहर पहुंचेंगे। यहां वे मां शारदा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके पश्चात वे जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे और पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



मैहर के कार्यक्रमों के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष दोपहर में सतना पहुंचेंगे। सतना में जिला स्तरीय बैठक के साथ वृक्षारोपण एवं सेवा संकल्प अभियान से संबंधित कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। इसके बाद शाम लगभग 7 बजे वे रीवा के लिए रवाना होंगे। रीवा आगमन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का चंद्रलोक होटल के पास भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उनका स्वागत मार्ग जय स्तंभ, स्टैच्यू चौराहा, प्रकाश चौराहा होते हुए शिल्पी प्लाजा से राजनिवास तक रहेगा। रीवा नगर में प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जय स्तंभ से लेकर स्टैच्यू चौराहा एवं शिल्पी प्लाजा तक विभिन्न स्थानों पर स्थानीय व्यापारिक संगठनों, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा।

मऊगंज में संगठनात्मक बैठक, रीवा में चित्रकला प्रदर्शनी

5 अक्टूबर को खण्डेलवाल सुबह अटल पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मऊगंज के लिए रवाना होंगे। मऊगंज में वे सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे तथा जिला स्तरीय वृहद बैठक को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही मऊगंज भाजपा जिला कोर समिति की बैठक में भी शामिल होंगे।

गांधी जयंती पर 7 बंदी हुए रिहा अच्छे आचरण के कारण 7 बंदियों को मिला सजा में छूट का लाभ



रीवा । केन्द्रीय जेल रीवा से गांधी जयंती पर 07 बंदियों को रिहा किया गया। अच्छे आचरण के कारण इन बंदियों को सजा में छूट का लाभ दिया गया। जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर इन बंदियों को छूट का लाभ देकर रिहा किया गया। इस संबंध में जेल अधीक्षक एस.के. उपाध्याय ने बताया कि सभी बंदियों के परिजनों को इस संबंध में समय पर सूचना दे दी गई थी। गांधी जयंती पर सभी रिहा बंदी अपने परिजनों के साथ प्रसन्न होकर घर गए। गांधी जयंती पर रिहा होने वाले बंदियों में शहडोल जिले के दो बंदी, अनूपपुर जिले के 02 बंदी तथा सिंगरौली जिले तीन बंदी को रिहा किया गया है। ये सभी बंदी आजीवन कारावास की सजा प्राप्त थे।

धान मिलिंग में 6.30 लाख क्विंटल अटका 4.22 लाख क्विंटल चावल जमा होना बाकी

नान के रिकॉर्ड में 50 से ज्यादा मिलों को 19.80 लाख क्विंटल धान उठाने के आदेश

4575 लॉट में 1457 की मिलिंग लंबित, मिलवार जांच के बाद ही साफ होगी असली तस्वीर

रीवा। समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की मिलिंग और उसके बदले चावल जमा कराने की व्यवस्था में बड़ा अंतर सामने आया है। नागरिक आपूर्ति निगम (नान) के उपलब्ध रिकॉर्ड के मुताबिक जिले की 50 से अधिक अनुबंधित राइस मिलों को 4575 लॉट में 19 लाख 80 हजार 975 क्विंटल धान उठाने के आदेश जारी किए गए थे। इनमें से 1457 लॉट की करीब 6 लाख 30 हजार 881 क्विंटल धान की मिलिंग लंबित बताई गई है। इस मात्रा के निर्धारित मिलिंग अनुपात के आधार पर करीब 4 लाख 22 हजार 690 क्विंटल चावल जमा होना शेष बताया जा रहा है।

हालांकि, विभागीय रिकॉर्ड में दर्ज यह आंकड़ा अंतिम स्थिति नहीं माना जा सकता। वास्तविक बकाया कितना है, यह मिलवार दस्तावेजों, स्टॉक और जमा चावल के भौतिक सत्यापन के बाद ही स्पष्ट होगा। इसलिए मौजूदा आंकड़े सामने आने के बाद अब धान उठाव से लेकर मिलिंग और चावल जमा होने तक पूरी प्रक्रिया का मिलवार मिलान जरूरी हो गया है। बता दे नान के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले की अनुबंधित राइस मिलों को



कुल 4575 लॉट में 19,80,975 क्विंटल धान उठाने के आदेश दिए गए। रिकॉर्ड की समीक्षा में 1457 लॉट की 6,30,881 क्विंटल धान की मिलिंग लंबित दिखाई दे रही है। निर्धारित अनुपात के हिसाब से इतनी मात्रा से तैयार होने वाला करीब 4,22,690 क्विंटल चावल संबंधित एजेंसियों में जमा कराया जाना बाकी बताया गया है। इतनी बड़ी मात्रा लंबित दिखाई देने के बाद अब प्रत्येक मिल का अलग-अलग रिकॉर्ड निकालकर स्थिति की समीक्षा करना जरूरी है।

रिकॉर्ड अपडेट या वास्तविक बकाया, सत्यापन से खुलेगा राज

लंबित मात्रा सामने आने के बाद यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि रिकॉर्ड में दिखाई दे रहा पूरा अंतर वास्तव में मिलिंग बाकी होने से जुड़ा है या फिर इसमें परिवहन, रिकॉर्ड अपडेट, मिलिंग की प्रक्रिया और चावल जमा कराने में हुई देरी जैसे कारण भी शामिल हैं।केवल उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किसी राइस मिल को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। प्रत्येक मिल के मामले में धान उठाव, मिलिंग, तैयार चावल, मिल परिसर में उपलब्ध स्टॉक और नान/एफसीआई में जमा चावल का मिलान किए जाने के बाद ही वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

जिला प्रबंधक के सामने मिलवार रिकॉर्ड दुरुस्त कराने की चुनौती

नागरिक आपूर्ति निगम रीवा के प्रभारी जिला प्रबंधक राजपूत की जुलाई 2026 में पदस्थापना हुई है। वर्तमान में उनके सामने जिले की मिलिंग व्यवस्था में लंबित मात्रा की समीक्षा के साथ रिकॉर्ड को अद्यतन कराने की चुनौती है। मिलवार सत्यापन के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि 6.30 लाख क्विंटल धान में से कितनी मात्रा वास्तव में मिलिंग के लिए बाकी है और कितनी मात्रा केवल रिकॉर्ड में लंबित दिखाई दे रही है। इसी तरह 4.22 लाख क्विंटल चावल की लंबित मात्रा का भी दस्तावेजों और भौतिक स्टॉक से मिलान आवश्यक होगा।

एफडीआर की भी बैंक से हो पुष्टि

मिलिंग अनुबंध से जुड़ी एफडीआर भी जांच का अहम हिस्सा है। एफडीआर की वैधता को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले संबंधित बैंक या जारीकर्ता संस्था से आधिकारिक पुष्टि जरूरी होगी। जांच के दौरान एफडीआर की राशि, जारी होने की तारीख, वैधता अवधि, बैंक रिकॉर्ड और संबंधित मिल के अनुबंध का मिलान किया जाना चाहिए। केवल रिकॉर्ड में अंतर या संदेह के आधार पर किसी एफडीआर को फर्जी अथवा अनियमित घोषित नहीं किया जा सकता। इसकी वास्तविक स्थिति दस्तावेजी और बैंक सत्यापन के बाद ही सामने आएगी।

मिलवार सत्यापन से सामने आएगी पूरी तस्वीर

मौजूदा रिकॉर्ड के अनुसार 6,30,881 क्विंटल धान की मिलिंग और करीब 4,22,690 क्विंटल चावल जमा होना लंबित बताया गया है। अब विभाग के सामने सबसे महत्वपूर्ण काम प्रत्येक मिल का रिकॉर्ड एक साथ मिलाने का है। धान उठाव से लेकर मिलिंग, तैयार चावल के स्टॉक, परिवहन, नान और एफसीआई में जमा मात्रा तथा एफडीआर तक सभी दस्तावेजों का मिलान होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि रिकॉर्ड में दर्ज लंबित मात्रा वास्तविक बकाया है या प्रक्रिया के अलग-अलग चरणों में हुए रिकॉर्ड अंतर का परिणाम। मिलवार भौतिक सत्यापन और दस्तावेजी जांच ही इस पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने ला सकती है।

रामबाग में ज्वेलर्स की दुकान में सेंधमारी लाखों के जेवरात-नकदी ले गए चोर

रीवा। जिले के पनवार थाना क्षेत्र के रामबाग चौराहे में चोरों ने ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बदमाशों ने दुकान की पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। चोरी की जानकारी शुक्रवार सुबह दुकान खुलने के बाद हुई। घटना सामने आते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रामबाग निवासी सुभाष कुशवाहा रामबाग चौराहे में अलंकार ज्वेलर्स नाम से आभूषण की दुकान संचालित करते हैं। बताया गया कि 30 सितंबर की रात अज्ञात बदमाश दुकान के पीछे पहुंचे और दीवार तोड़कर भीतर दाखिल हो गए। दुकान में प्रवेश करने के बाद चोरों ने वहां रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी को समेटा तथा उसी रास्ते से बाहर निकलकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। दुकान की स्थिति देखकर उसे किसी अनहोनी की आशंका हुई। जांच करने पर पीछे की दीवार में सेंधमारी के निशान मिले। इसके बाद चोरी की पुष्टि हुई। दुकानदार ने तत्काल पनवार पुलिस को सूचना दी।



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जुटाए साक्ष्य

सूचना मिलते ही पनवार थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान का निरीक्षण कर सेंधमारी के तरीके और बदमाशों के प्रवेश व बाहर निकलने वाले रास्ते की जानकारी जुटाई। इसके साथ ही दुकानदार से चोरी गए जेवरात और नकदी के संबंध में पूछताछ की गई। पुलिस अब दुकान में मौजूद सामान के मिलान के साथ चोरी गए आभूषणों की वास्तविक कीमत का आकलन करने में जुटी है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में भी जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। बदमाशों ने किस तरह वारदात को अंजाम दिया और घटना में कितने लोग शामिल थे, इसकी जांच की जा रही है।